तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 25.0° | 32.0° |
| इंदौर | 24.0° | 29.0° |
| जबलपुर | 26.0° | 33.0° |
| ग्वालियर | 25.0° | 33.0° |
| सागर | 24.0° | 32.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 247, पृष्ठ 12)
श्रावण, कृष्ण षष्ठी संवत् 2083
बुधवार, 5 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




राजधानी... गुणवत्तापूर्ण और संस्कार आधारित शिक्षा से ही...


व्यापार... सैंसेक्स 210 अंक टूटा, निफ्टी में 159 अंकों की गिरावट


खेल... भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया-ए महिला टीम ...


देश-विदेश... हसीना के संबोधन से भारत ने बनाई दूरी...


### टर्बुलेंस में खराबी से विमान पलटा, 11 यात्री और चार क्रू मेंबर घायल

# धन्यवाद भगवान! 142 लोगों की जान बची

## थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रहा एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बचा, सुरक्षित उतरा





**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** भगवान का धन्यवाद कि विमान के 134 यात्रियों व आठ क्रू मेंबरों की जान बच गई। थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-2379 मंगलवार को उड़ान के दौरान तेज टर्बुलेंस की चपेट में आ गई। अचानक आए तेज झटकों के कारण विमान कुछ समय के लिए लगभग 300 फीट नीचे आ गया। हालांकि, पायलट ने स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखा और विमान को सुबह करीब 11:30 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया।

विमान में 134 यात्री और आठ क्रू मेंबर सवार थे। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, घटना में 11 यात्री और चार क्रू सदस्य सहित कुल 15 लोग घायल हुए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली हवाई अड्डे के मेडिकल सेंटर और फोर्टिस अस्पताल भेजा गया। एअर इंडिया ने बताया कि सभी यात्री और क्रू सदस्य सुरक्षित हैं तथा किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है।

**दो से तीन मिनट तक तेज झटके लगे...**

*फ्लाइट में मौजूद एक यात्री के अनुसार, उड़ान भरने के लगभग डेढ़ घंटे बाद अचानक तेज झटके शुरू हुए। उस समय अधिकांश यात्री सो रहे थे। यात्री का दावा है कि विमान करीब दो से तीन मिनट तक लगातार तेज झटकों से हिलता रहा, जिससे कई लोगों को पैर, कंधे, गर्दन और सिर में चोटें आईं। कुछ यात्रियों ने विमान के भीतर सामान गिरने और संतुलन बिगड़ने की भी जानकारी दी। घटना के बाद सामने आई तस्वीरों में विमान की आंतरिक छत के कुछ पैनलों में दरारें दिखाई दीं। डीजीसीए ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और टर्बुलेंस की परिस्थितियों तथा विमान की तकनीकी स्थिति की समीक्षा की जा रही है।*



**टर्बुलेंस से विमान दुर्घटना की संभावना होती है बहुत कम...**

*टर्बुलेंस वह स्थिति होती है, जब हवा का प्रवाह अचानक बदल जाता है और विमान को तेज झटके महसूस होते हैं। ऐसे समय विमान ऊपर-नीचे या दाएं-बाएं हिल सकता है तथा कुछ दूरी तक नीचे भी आ सकता है। आधुनिक विमानों को ऐसे झटकों को सहने के अनुरूप डिजाइन किया जाता है और पायलटों को भी टर्बुलेंस जैसी परिस्थितियों से सुरक्षित ढंग से निपटने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। अधिकांश मामलों में टर्बुलेंस से विमान दुर्घटना की संभावना बहुत कम होती है, फिर भी यात्रियों को सीट बेल्ट बांधे रखने की सलाह दी जाती है।*



# राम मंदिर चढ़ावा मामले पर संसद में हंगामा, दोनों सदनों की कार्यवाही प्रभावित

**राज्यसभा में खड़गे और रिजिजू के बीच तीखी नोकझोंक, विपक्ष ने सरकार से मांगा जवाब**



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** संसद के मानसून सत्र के 12वें दिन राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ। विपक्ष के विरोध के कारण लोकसभा की कार्यवाही केवल 19 मिनट चल सकी। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर संशोधन से संबंधित विधेयक पेश किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

राज्यसभा की कार्यवाही भी दिन में दो बार बाधित हुई। सुबह 11 बजे शुरू हुई कार्यवाही लगभग आधे घंटे बाद स्थगित कर दी गई। दोपहर 12 बजे सदन दोबारा शुरू हुआ, लेकिन करीब 20 मिनट बाद फिर स्थगित करना पड़ा। इसके बाद दोपहर 2 बजे कार्यवाही पुनः शुरू की गई। कार्यवाही के दौरान नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार ने किया था और ट्रस्ट को 70 एकड़ से अधिक भूमि सौंपी गई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भी मंदिर से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होते रहे हैं, इसलिए इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका पर सरकार को सदन में जवाब देना चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने राम मंदिर निर्माण का विरोध किया था।

## खास-खबरें

### केजरीवाल ने निकाला मार्च, पुलिस ने रोका

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को ई20 ईंधन के विरोध में प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकाला। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, जैस्मिन शाह और अन्य नेताओं को फिरोजशाह रोड पर रोक दिया। इसके बाद सभी नेता वहीं धरने पर बैठ गए। केजरीवाल ने दावा किया कि ई20 के विरोध में दो लाख से अधिक लोगों ने प्रधानमंत्री के नाम चिट्ठियां भेजी हैं, जिन्हें पुलिस के माध्यम से प्रधानमंत्री तक पहुंचाया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की उम्मीद भी जताई।

### आईएसआई आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**नईदुनिया ब्यूरो, अमृतसरः** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े दो सीमा पार आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार नाबालिग सहित कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध पिस्तौल, कारतूस, चार पेट्रोल बम, सीसीटीवी कैमरे, एक मोटरसाइकिल तथा अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, एक मॉड्यूल रेलवे ट्रैक के पास सीसीटीवी कैमरे लगाकर लाइव फुटेज पाकिस्तान स्थित आईएसआई हैंडलरों तक भेज रहा था। शुरुआती जांच में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रेकी की साजिश का खुलासा हुआ है।

### भोपाल में ब्रिक्स सम्मेलन आज से, 10 देशों के प्रतिनिधि आएँगे




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल में 5 अगस्त से चार दिवसीय ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन-2026 का शुभारंभ होगा। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य एवं भागीदार देशों सहित 10 देशों के प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। आयोजन में संस्कृति मंत्रियों सहित 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन के दौरान तृतीय ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की बैठक, द्विपक्षीय वार्ताएं, प्रतिनिधियों का पंजीकरण तथा विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल और मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**बिना पूर्व सूचना वॉट्सएप बंद होने से कई यूजर्स प्रभावित**

# हजारों वॉट्सएप अकाउंट के 24 घंटे तक रहे फीचर्स बंद

### कंपनी ने कहा- जांच प्रक्रिया में कभी-कभी गलती संभव

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** मैसेजिंग ऐप वॉट्सएप ने भारत समेत कई देशों के हजारों यूजर्स के अकाउंट अचानक रीव्यू में डाल दिए, जिससे करीब 24 घंटे तक मैसेजिंग और कॉलिंग सहित सभी प्रमुख फीचर्स बंद हो गए। प्रभावित यूजर्स को स्क्रीन पर 'अकाउंट इन रीव्यू' का संदेश दिखाई दिया, जिसमें बताया गया कि अकाउंट एक्टिविटी और डिवाइस इन्फॉर्मेशन की जांच की जा रही है ताकि सेवा शर्तों के पालन की पुष्टि की जा सके। बड़ी संख्या में यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शिकायतें दर्ज कराईं। कई लोगों ने बताया कि



उन्हें अकाउंट रीव्यू में जाने से पहले कोई चेतावनी या नोटिफिकेशन नहीं मिला। कंपनी ने कहा है कि अन्य यूजर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सेवा के दुरुपयोग को रोकने के लिए ऐसे कदम उठाए जाते हैं। हालांकि, कभी-कभी जांच प्रक्रिया में गलती भी हो सकती है, जिसे जल्द से जल्द सुधारने का प्रयास किया जाता है। वॉट्सएप के अनुसार, यदि किसी यूजर का अकाउंट रीव्यू में चला जाता है तो उसे जांच पूरी होने तक इंतजार करना चाहिए। यूजर्स स्क्रीन पर उपलब्ध अपील विकल्प या सपोर्ट पेज के माध्यम से अपना पक्ष भी रख सकते हैं। जांच पूरी होने के बाद नियमों का उल्लंघन नहीं मिलने पर अकाउंट स्वतः रिस्टोर कर दिया जाएगा। कई देशों में वॉट्सएप सेवाओं में तकनीकी दिक्कत की शिकायतें दर्ज की गईं, जो बाद में सामान्य हो गईं।

### कवच योजना से पांच हजार से अधिक किसानों को राहत, डिजिटल अधोसंरचना पर बड़ा निवेश

# कैबिनेट में 32,070 करोड़ के प्रस्तावों को मंजूरी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण से जुड़े कुल 32,070 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में सहकारिता विभाग की 'कवच योजना' को स्वीकृति दी गई, जिससे लगभग पांच हजार ऐसे किसानों को राहत मिलेगी, जिनके ऋण खातों में गड़बड़ियों के कारण वे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे थे।
योजना के तहत अपेक्स बैंक और जिला सहकारी बैंक 50 करोड़ रुपये का कोष बनाएंगे, जबकि राज्य सरकार 25 करोड़ रुपये की



अंशपूंजी उपलब्ध कराएगी। मंत्रि-परिषद ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जिला एवं सिविल अस्पतालों तथा औषधालयों के संचालन के लिए 12,517.99 करोड़ रुपये, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए 11,812.02 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के लिए 2,448.79 करोड़ रुपये तथा मलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए 1,704.81 करोड़ रुपये स्वीकृत किए। बैठक में खेल अधोसंरचना के विकास हेतु 2,460.57 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई, जिससे प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्टेट डाटा सेंटर के उन्नयन, परिचालन और संधारण के लिए 1,099.58 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। इसके साथ ही जनजातीय कार्य विभाग के शैक्षणिक संवर्ग के सहायक, उच्च श्रेणी, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर एक जुलाई 2023 अथवा उसके बाद से चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान देने के प्रस्ताव को भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मुख्यमंत्री ने मुंबई में निवेशकों का उत्साह बढ़ाया, 3,600 लोगों को रोजगार मिलेगा**

# टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन को मिले 1,550 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव




*नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्वालियर में विकसित किए जा रहे टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के लिए मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर राउंड टेबल बैठक में 1,550 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों से लगभग 3,600 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की उद्योग-अनुकूल नीतियों और पारदर्शी व्यवस्था के कारण मध्यप्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री मुंबई में आयोजित राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इससे पहले दिल्ली में आयोजित निवेशक बैठक में 3,500 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिनसे लगभग 14 हजार रोजगार सृजित होने का अनुमान है। उन्होंने उद्योगपतियों से मध्यप्रदेश में निवेश कर औद्योगिक विकास की नई यात्रा का भागीदार बनने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 170 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन देश का पहला एकीकृत टेलीकॉम टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम होगा। यहां विनिर्माण, अनुसंधान, डिजाइन, परीक्षण और नवाचार की सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सस्ती बिजली, कुशल श्रमिक, बेहतर कानून-व्यवस्था और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। बैठक में एम.वी. इलेक्ट्रोसिस्टम्स ने 700 करोड़ रुपये, अनंत सिस्टम्स ने 400 करोड़ रुपये, स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने 200 करोड़ रुपये, वीएनटी ने 150 करोड़ रुपये तथा टेसकॉम ने 100 करोड़ रुपये के संभावित निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर का टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन देश के दूरसंचार क्षेत्र को नई दिशा देगा। उन्होंने बताया कि निवेशकों को प्लग एंड प्ले सुविधा, रियायती दर पर बिजली, प्रशिक्षण सहायता और रोजगार प्रोत्साहन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।*

# मेटा की ग्लोबल टीम को समन जारी

### कंटेंट मॉडरेशन पर होगी जवाबदेही तय, 5-6 अगस्त को बैठक

**चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटीरियल और वेरिफाइड अकाउंट्स पर कार्रवाई के मामलों पर होगी समीक्षा**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा की ग्लोबल टीम को समन जारी कर 5 और 6 अगस्त को बैठक के लिए तलब किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस बैठक में चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटीरियल (सीएसएएम) पर प्रभावी नियंत्रण में कथित चूक, सिंथेटिक एआई कंटेंट और बड़े नेताओं तथा वीआईपी वेरिफाइड अकाउंट्स पर हुई गलत कार्रवाई जैसे मुद्दों पर जवाब मांगेगा। मंत्रालय ने अब तक कंपनी की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण को




पर्याप्त नहीं माना है। बैठक का फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक वीडियो पोस्ट को फेसबुक से कुछ समय के लिए हटाए जाने की घटना के बाद लिया गया है। प्रधानमंत्री ने 23 जुलाई को पेपर लीक के मुद्दे पर वीडियो साझा किया था, जिसे रात करीब 12:30 बजे से सुबह 5 बजे तक प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया था। बाद में वीडियो को बहाल कर दिया गया। मेटा ने इस घटना को तकनीकी त्रुटि बताते हुए खेद व्यक्त किया है और औपचारिक माफी की भी तैयारी जताई है। सरकार बैठक में इंस्टाग्राम पर प्रायोजित विज्ञापनों के माध्यम से चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटीरियल के प्रसार से जुड़े मामले की भी समीक्षा करेगी। इससे पहले इस संबंध में मेटा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

**कार्रवाई** *भारतपोल, रेड कॉर्नर नोटिस और नए कानूनों के जरिए कार्रवाई का दायरा बढ़ा...*


# सात वर्षों में 36 देशों से 274 भगोड़े अपराधियों को भारत लाया गया

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में वर्ष 2019 से 2026 तक 36 देशों से 274 भगोड़े अपराधियों को भारत वापस लाया गया है। सरकार के अनुसार, भगोड़ों के प्रत्यर्पण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाते हुए एकीकृत, खुफिया-आधारित और प्रौद्योगिकी-संचालित मॉडल विकसित किया गया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई को गति मिली है।

सरकार के मुताबिक, वर्ष 2014 से पहले प्रत्यर्पण प्रक्रिया कई कानूनी और प्रशासनिक बाधाओं से प्रभावित थी। उस समय सीमित देशों के साथ प्रत्यर्पण संधियां थीं और आर्थिक अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए अलग कानून उपलब्ध नहीं था। वर्ष 2004 से 2013 के बीच औसतन प्रति वर्ष केवल चार भगोड़ों का प्रत्यर्पण हो पाया था, जबकि बड़ी संख्या में अनुरोध लंबित थे।

सरकार ने बताया कि वर्ष 2019 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी संशोधन अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) संशोधन अधिनियम लागू किए गए। इसके बाद वर्ष 2024 में लागू तीन नए आपराधिक कानूनों में





भगोड़े अपराधियों से संबंधित विशेष प्रावधान शामिल किए गए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 355 और 356 में पहली बार 'ट्रायल इन एब्सेंशिया' का प्रावधान किया गया, जिससे आरोपी की अनुपस्थिति में भी मुकदमे की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकेगी।

सरकार के अनुसार, वर्ष 2022 में भारत ने इंटरपोल महासभा की मेजबानी की और जनवरी 2025 में 'भारतपोल' की शुरुआत की गई। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से केंद्रीय और राज्य स्तर की 1,400 से अधिक एजेंसियों को इंटरपोल नेटवर्क से जोड़ा गया है। इससे विभिन्न जांच एजेंसियों के बीच सूचना साझा करने का समय घटकर कई मामलों में 3 से 10 दिन रह गया है।

सरकार ने यह भी बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून के सख्त क्रियान्वयन के तहत वर्ष 2019 से 2026 के बीच भगोड़े अपराधियों की 17,874 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई, जबकि 18,762 करोड़ रुपये की राशि सफलतापूर्वक वापस लाई गई। पिछले तीन वर्षों में इंटरपोल के माध्यम से 401 रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए। वहीं, 'ऑपरेशन त्रिशूल' के तहत सैटेलाइट, डिजिटल फुटप्रिंट, सर्विलांस और प्रोफाइल मैपिंग जैसी तकनीकों का उपयोग कर विदेशों में नाम और पहचान बदलकर छिपे भगोड़ों का पता लगाने तथा प्रत्यर्पण प्रक्रिया को तेज करने के प्रयास किए गए हैं।

### उदयनिधि स्टालिन गिरफ्तार, बाद में रिहा

**नईदुनिया ब्यूरो, चेन्नईः** तमिलनाडु के नेता प्रतिपक्ष और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन को अभिनेत्री तृषा पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को पुलिस ने हिरासत में लिया। बाद में मद्रास हाईकोर्ट के निर्देश पर पूछताछ पूरी होने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। उदयनिधि ने अपने खिलाफ हुई कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध बताया। मामला तंजावुर में कावेरी जल विवाद को लेकर आयोजित एक रैली से जुड़ा है। अभिनेत्री तृषा पर उदयनिधि ने विवादित टिप्पणी की। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि उनका बयान कावेरी नदी के पानी के संदर्भ में था, किसी व्यक्ति के बारे में नहीं।